हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 7 मई 2026

तापमान
अधिकतम 38 .2 डिग्री
न्यूनतम 15 .6 डिग्री



14 नप ने किए 60 साल से बने 22 खोखे ध्वस्त, 24 परिवारों ..



14 बाढ़ आपदा को लेकर होगी मॉक ड्रिल

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से माली की मौत

**कुरुक्षेत्र** । जीटी रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार माली की मौत हो गई। मृतक की पहचान पटियाला बैंक कॉलोनी निवासी माता प्रसाद के रूप में हुई है, जो एडीए कार्यालय में कार्यरत था। हादसे के समय उसका बेटा भी पीछे साइकिल पर आ रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि माता प्रसाद सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। पिता को खून से लथपथ देख बेटा भी बेहोश हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला से 4.5 लाख की ठगी, आरोपी पर केस

**यमुनानगर**। जवाहर नगर कॉलोनी निवासी राजकुमारी ने मनोज बरमन पर घर बनवाने के नाम पर बैंक से लोन दिलवाकर साढ़े चार लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार आरोपी ने बैंक में जान-पहचान का झांसा देकर उससे जरूरी दस्तावेज लिए और लोन पास करवाकर रकम खुद ले ली। जब महिला को ठगी का पता चला तो उसने आरोपी से पैसे मांगे, लेकिन उसने न तो संतोषजनक जवाब दिया और न ही रकम लौटाई। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### स्क्रीनिंग प्लांट से 62 लाख का सामान चोरी

**यमुनानगर**। गांव मंडोली गागड़ स्थित एएस इंटरप्राइजेज स्क्रीनिंग प्लांट से करीब 62 लाख रुपये का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। करनाल के रायपुर जाटान निवासी सिविल इंजीनियर आशीष पन्नू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने वर्ष 2020 में उक्त स्क्रीनिंग प्लांट खरीदा था। वर्ष 2021 में कोरोना महामारी के चलते सरकारी निर्देशों के अनुसार प्लांट को बंद कर दिया गया था। उस समय प्लांट में करीब 10 लाख रुपये का मटेरियल, 50 लाख रुपये की मशीनरी और दफ्तर का अन्य सामान रखा हुआ था। कुछ समय बाद उसे सूचना मिली कि प्लांट से सामान चोरी हो गया है। पड़ताल में गांव मंडोली गागड़ निवासी नवाब सिंह पर चोरी का आरोप लगा। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया और धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला**। थाना बलदेव नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीएम फाउंडरी एंड इंजीनियरिंग वर्कस बलदेव नगर से लोहा बट्टे चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को मंडौर से काबू किया। प्रबंधक थाना बलदेव नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता महिला ने 2 मई 2026 को शिकायत दी थी कि 30 अप्रैल 2026 को बलदेव नगर स्थित बीएम फाउंडरी एंड इंजीनियरिंग वर्क्स से आरोपी ने 20 पीस बट्टे वजन 50 किलो, 8 पीस छोटे बट्टे वजन 40 किलो लगभग 5 क्विंटल किलो लोहा चोरी किया है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश कुमार व प्रदीप कुमार उर्फ दीपा को मंडौर से गिरफ्तार किया है।

---

### यमुनानगर में सीआईए-2 टीम से मुठभेड़, आरोपी से हथियार व बाइक बरामद

# पूर्व सरपंच के घर पर फायरिंग करने के आरोपी का एनकाउंटर

- मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी
- पुलिस व बदमाश के बीच 12 से 15 राउंड फायरिंग
- काला राणा गिरोह से जुड़ा आरोपी, अन्य साथियों की तलाश जारी
- आरोपी अमन 21 अप्रैल को पूर्व सरपंच के घर पर हुई फायरिंग की घटना के बाद से फरार चल रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



यमुनानगर। घटना स्थल पर जांच करती पुलिस एवं मुठभेड़ में घायल आरोपी को अस्पताल में ले जाते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

यमुनानगर। थाना रादौर क्षेत्र के गांव भूरे का माजरा में पूर्व सरपंच ऋषिपाल के घर पर 21 अप्रैल को हुई फायरिंग के मामले में वांछित बदमाश अमन की मंगलवार रात सीआईए-2 टीम के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे तुरंत उपचार के लिए सिविल अस्पताल यमुनानगर में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। डीएसपी रजत गुलिया के अनुसार आरोपी अमन पानीपत के गोयला गांव का रहने वाला है और कुख्यात काला राणा गिरोह से जुड़ा हुआ है। मंगलवार रात पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी पल्सर बाइक पर सवार होकर गांव कुलपुर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी की और संदिग्ध को रुकने का इशारा किया।इसी दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और दोनों ओर से करीब 12 से 15 राउंड गोलियां चलीं। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से आरोपी अमन घायल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे काबू कर लिया। मौके से एक हथियार और बाइक भी बरामद की गई है। गौरतलब है कि आरोपी अमन 21 अप्रैल को पूर्व सरपंच के घर पर हुई फायरिंग की घटना के बाद से फरार चल रहा था। इस मामले में पुलिस पहले से उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस अब आरोपी के अन्य साथियों की तलाश में जुटी है, जो फायरिंग की घटना में उसके साथ शामिल थे। फिलहाल आरोपी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य ठीक होने के बाद पुलिस उससे गहन पूछताछ करेगी, जिससे मामले में और खुलासे होने की संभावना है।

---

# कुरुक्षेत्र में सफाई कर्मी ने फंदा लगाकर दी जान

### परिजनों ने लिव-इन पार्टनर और साथियों पर लगाया मानसिक प्रताड़ना का आरोप

- सुसाइड नोट की सत्यता पर सवाल हैंडराइटिंग जांच के लिए भेजे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

नगर परिषद थानेसर के सफाई कर्मी ने सुसाइड कर लिया। घर पर रस्सी के साथ कर्मी का शव फंदे पर लटका मिला। सफाई कर्मी अपने संतपुरा स्थित मकान में एक महिला के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रहता था। परिवार ने महिला और उसके साथियों पर सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान रमन कुमार 30 निवासी बहादुरपुरा के रूप में हुई। अभी रमन संतपुरा में एक महिला के साथ रहता था। करीब 4 साल पहले उसकी पत्नी पुष्पा अपने दोनों बेटियों को साथ लेकर मायके में रह रही थी। शिव कुमान निवासी इशाकपुर ने बताया कि रमन उसका भांजा था। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने अपने ससुराल के लोगों पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि सुसाइड नोट पर रमन के साइन नहीं हैं। साथ हैंड राइटिंग भी उसकी नहीं है। यह नोट उसके साथ रहने वाली महिला ने लिखकर रखा है। मामा शिव कुमार ने बताया कि सोनिया और रमन के साथ काम करने वाले कर्मी की उसके मकान पर नजर थी। सोनिया और कर्मी रमन पर उस मकान को बेचने के लिए दबाव बना रहे थे। करीब 30 लाख में मकान बेचने के कागज भी तैयार करवा लिए गए थे। बाद में जब खरीदार को शक हुआ कि कागज सही नहीं हैं। साथ उसे पता चला कि यह मकान रमन को उसके मामा ने बनाकर दिया है। इसलिए उसने मकान लेने से इनकार कर दिया। प्रॉपर्टी डीलर भी मकान लेने से पीछे हट गए। जब मकान नहीं बिका, तो रमन को नौकरी में अटेंडेंस और अन्य बातों को लेकर कर्मी ने परेशान करना शुरू कर दिया। थाना सुभाष मंडी पुलिस चौकी के इंचार्ज अमित कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। सुसाइड नोट की भी जांच होगी, जिसमें हैंडराइटिंग और अन्य पहलुओं को परखा जाएगा।

### हत्या के मामले में महिला समेत चार पकड़े

**पानीपत**। थाना मतलौडा पुलिस ने कवि गांव में जमीन के विवाद में बड़े भाई मोहन लाल की हत्या करने मामले में मृतक के भाई महाबीर, सत्यनारायण, बलिंद्र व भाभी गीता को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार मतलौडा राजेश ने बताया कि मोहन लाल की हत्या के मामले में मृतक की पत्नी केला देवी की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, मारपीट में मृतक मोहन लाल का पुत्र केहर सिंह भी घायल हुआ था। पुलिस ने आरोपी महाबीर, सत्यनारायण व बलिंद्र को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त लाठी, डंडे बरामद करने का प्रयास करेगी।

---

## पारिवारिक विवाद में युवक की हत्या मामले में चाचा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र



यमुनानगर के पुराना हमीदा क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते 42 वर्षीय मेहंदी हसन की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके चाचा कुरबान अली को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है, ताकि वारदात में इस्तेमाल धारदार हथियार की बरामदगी की जा सके। अन्य आरोपी अभी फरार हैं।हमीदा पुलिस चौकी इंचार्ज शमशेर सिंह के अनुसार, शिकायतकर्ता जब्बार हसन ने बताया कि परिवार के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। रविवार रात बैठक में बैठे मेहंदी हसन के साथ चाचा कुरबान ने गाली-गलौज की और बाद में अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

## 28 कनाल जमीन सौदे में 73 लाख की धोखाधड़ी

- करुणा निधान एग्रोटेक के निदेशक समेत तीन पर ठगी का केस दर्ज कर जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

अंबाला के मस्तपुर गांव में 28 कनाल जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर 73 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ताओं विवेक सिंगला, अवतार सिंह और कर्मजीत कौर ने आरोप लगाया है कि करुणा निधान एग्रोटेक के डायरेक्टर आशु गंभीर, वनीता गंभीर और रेनू ने उन्हें जमीन बेचने का झांसा दिया।आरोप है कि पहले 50 लाख रुपये बैंक के लोन खाते में ट्रांसफर करवाए गए और 23 लाख रुपये अलग से लिए गए। कुल 73 लाख रुपये लेने के बाद आरोपियों ने वादा किया कि बैंक से एनओसी मिलने पर रजिस्ट्री कर दी जाएगी, लेकिन बाद में संपर्क बंद कर दिया। इसके बाद पीड़ितों को पता चला कि जमीन किसी तीसरे पक्ष को बेच दी गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बिना ओटीपी के खाते से उड़ गए 1.90 लाख रुपये

- डिजिटल फ्रॉड से मचा हड़कंप, बैंक और यूपीआई सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में डिजिटल फ्रॉड का गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें पत्रकार कर्ण ओहरी के बैंक खातों से बिना किसी ओटीपी या लिंक क्लिक के 1.90 लाख रुपये की ठगी हो गई। पीड़ित के अनुसार 5 मई को सुबह करीब 11:20 बजे उनके आईडीबीआई बैंक और एक्सिस बैंक खातों से दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 95-95 हजार रुपये निकाल लिए गए। हैरानी की बात यह रही कि पूरी प्रक्रिया के दौरान न तो कोई ओटीपी आया और न ही किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक किया गया। घटना के समय उनका मोबाइल फोन ऑटो-अपडेट मोड पर था, जिसके चलते वह कुछ समय तक उपयोग में नहीं आ सका। दोपहर बाद जब उन्हें खाते से पैसे कटने की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत बैंक अधिकारियों और साइबर क्राइम विभाग में शिकायत दर्ज कराई।बैंक अधिकारियों ने भी ऐसे मामलों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रकम मुंबई स्थित किसी खाते में ट्रांसफर की गई है। साइबर सेल मामले की गहन जांच कर रही है। इस घटना ने बैंकिंग सुरक्षा और यूपीआई सिस्टम की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

---

## नशा तस्कर पर कार्रवाई, साढ़े तीन किलो गांजे सहित आरोपी काबू

- पुलिस अब नेटवर्क और सप्लाई चेन की जांच कर रही है, ताकि गिरोह का खुलासा किया जा सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला



अंबाला में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएनसी सैल की टीम ने सूचना के आधार पर बनारसी दास मिल के पास दबिश देकर कुम्हार मंडी, अंबाला छावनी निवासी प्रवीण कुमार उर्फ विनय को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 3 किलो 580 ग्राम गांजा बरामद हुआ।पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से नशा तस्करी के नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अब उसके नेटवर्क और सप्लाई चैन की जांच कर रही है, ताकि पूरे गिरोह का खुलासा किया जा सके।

## 62 लाख का सामान चोरी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

यमुनानगर के गांव मंडोली गागड़ स्थित एएस इंटरप्राइजेज स्क्रीनिंग प्लांट से करीब 62 लाख रुपये के सामान की चोरी का मामला सामने आया है। जिला करनाल के रायपुर जाटान निवासी सिविल इंजीनियर आशीष पन्नू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने 2020 में यह प्लांट खरीदा था, जिसे 2021 में कोरोना काल के दौरान बंद कर दिया गया था। उस समय प्लांट में लगभग 10 लाख रुपये का मटेरियल, 50 लाख रुपये की मशीनरी और अन्य दफ्तर का सामान मौजूद था। सूचना मिली कि प्लांट से सामान चोरी हो गया है। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर सामान गायब मिला। पड़ताल में गांव मंडोली गागड़ निवासी नवाब सिंह पर चोरी का आरोप लगा। आरोप है कि जब इस बारे में बात की गई तो आरोपी ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया और धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

- शव की नहीं हुई शिनाख्त, पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल के शव गृह में रखा

**यमुनानगर**। यमुनानगर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि मृतक का चेहरा पूरी तरह से कुचल गया जबकि उसकी एक टांग कटकर करीब 10 मीटर दूर जा गिरी। शव का बायां हाथ भी कटा हुआ मिला। सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाकर आसपास के क्षेत्रों में शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मामले के जांच अधिकारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे स्टेशन मास्टर की ओर से सूचना मिली थी कि स्टेशन की तरफ रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है।

---

### विश्व अस्थमा दिवस पर आयुष विश्वविद्यालय में स्क्रीनिंग व जागरूकता कार्यक्रम

*पीईएफ व स्पाइरोमेट्री से बच्चों की जांच कर दी शुरुआती पहचान की सलाह*

## बढ़ते प्रदूषण व बदलती जीवनशैली से बच्चों में बढ़ रहा अस्थमा का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। आयुष विश्वविद्यालय में जागरूकता शिविर में बच्चों के साथ डॉक्टर।

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर बाल रोग विभाग द्वारा विशेष स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में ओपीडी संख्या-53 में आए बच्चों की जांच कर अस्थमा के प्रति जागरूक किया गया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने संभावित अस्थमा लक्षणों वाले बच्चों की पीईएफ (पीक एक्सपिरेटरी फ्लो) एवं स्पाइरोमेट्री परीक्षण के माध्यम से जांच की गई, जिससे रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान संभव हो सके। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने के साथ-साथ समय पर रोग निदान में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती श्वसन संबंधी समस्याओं को देखते हुए इस प्रकार के शिविर अत्यंत आवश्यक हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. वैद्य शंभू दयाल शर्मा ने बताया कि वायु प्रदूषण, बदलती जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण अस्थमा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। विशेषकर बच्चों में इसके लक्षण तेजी से देखने को मिल रहे हैं,जो गंभीर चिंता का विषय है। प्रो. डॉ. अमित कटारिया ने बताया कि अस्थमा एक दीर्घकालिक बीमारी है,जिसे समय पर पहचान,उचित जांच और नियमित उपचार के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है।

### समय पर जांच जरूरी

विशेषज्ञों ने बताया कि अस्थमा से पीड़ित बच्चे न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक और शैक्षणिक रूप से भी प्रभावित होते हैं। डॉ. सुधीर मलिक के अनुसार बार-बार खांसी, सांस फूलना और सीने में जकड़न से बच्चों की दिनचर्या बाधित होती है। डॉ. जयदेव गेहिजा ने कहा कि लंबे समय तक श्वसन समस्याएं मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालती हैं। विशेषज्ञों ने आयुर्वेदिक औषधियों, प्राणायाम और ट्रिगर कारकों से बचाव की सलाह दी। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने अभिभावकों से अपील की कि लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं, ताकि समय पर उपचार संभव हो सके।

## गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर गहने हड़पे

- पुलिस ने आरोपी के साथ गहने खरीदने वाले ज्वेलर को भी भी आरोपी बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

अंबाला के सैनिक विहार कॉलोनी में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें एक पड़ोसी ने 9वीं कक्षा के 14 वर्षीय किशोर को धमकाकर घर से लाखों रुपये के गहने हड़प लिए। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी मनप्रीत उर्फ मन्नू के साथ-साथ एक ज्वेलर के मालिक को भी आरोपी बनाया है और दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।पीड़ित पंकज बजाज ने पुलिस को बताया कि उनकी माता अस्पताल में भर्ती थीं और परिवार व्यस्त था। इसी दौरान आरोपी मनप्रीत ने बच्चे से दोस्ती कर ली और खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य बताकर उसे धमकाया। उसने बच्चे को परिवार खत्म करने की धमकी दी और गैंग में शामिल कराने का लालच दिया। डर के कारण बच्चे ने घर से मां की अंगूठियां, चेन सेट, किटी सेट और दादी के गहने निकालकर आरोपी को दे दिए।बाद में परिवार को गहने गायब मिले तो पूछताछ में सारा मामला सामने आया। बच्चे ने रोते हुए पूरी घटना बताई, जिसमें गहने मोनिका ज्वेलर्स के मालिक नीरज को दिए जाने की बात सामने आई। सेक्टर-9 थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया।

## नगर निगम कार्यालय में हुई शिक्षकों व कर्मचारियों की बैठक, अभियान में तेजी लाने पर हुआ विचार

# जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला : प्रसाद

**निगमायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश कहा- लापरवाही करने वालों पर होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर कार्यालय में निगम क्षेत्र में चल रहे जनगणना एवं मकानों के सूचीकरण कार्य को गति देने के लिए शिक्षकों व निगम कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की। उन्होंने जनगणना के कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बैठक में जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की और सूचीकरण के दौरान आ रही विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर उनके समाधान के निर्देश दिए। मौके पर शिक्षकों और कर्मचारियों ने फील्ड में आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों को निगमायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान निगमयायुक्त महाबीर प्रसाद को शिक्षकों ने बताया कि उन्हें मकान सूचीकरण का कार्य उनके स्कूल व घर से काफी दूर दिया गया है। जिससे उन्हें स्कूल से छूट्टी के बाद जाने व वापस घर आने में परेशानी होती है। कई स्थानों पर दूर.दराज क्षेत्रों में ड्यूटी होने के कारण कार्य में समय और संसाधनों की समस्या आती है। पोर्टल में घर की लोकेशन सही दिशा न होने समेत कई तकनीकी समस्याएं भी आ रही हैं। शिक्षकों ने मांग रखी कि उनकी ड्यूटी उनके स्कूल या निवास के आसपास के क्षेत्रों में लगाई जाए। ताकि कार्य को अधिक सुगमता और तेजी से पूरा किया जा सके। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि अप्रैल 2027 से शुरू होने वाले जनगणना के दूसरे चरण में उनकी ड्यूटी यथासंभव उनके स्कूल और घर के नजदीकी क्षेत्रों में ही लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी। बल्कि कार्य की गुणवत्ता और गति में भी सुधार होगा। इसके अलावा बैठक में कुछ शिक्षकों ने बताया कि उन्हें 400 से अधिक मकानों के सूचीकरण का कार्य सौंपा गया है। जिससे कार्यभार अधिक हो रहा है। इस पर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे शिक्षकों को सहयोग के लिए सक्षम कर्मचारियों की व्यवस्था की जाए। ताकि सूचीकरण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा हो सके। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने शिक्षकों व सभी कर्मचारियों को जनगणना कार्य की महत्ता बताते हुए इसे प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है। इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर कार्यकारी अधिकारी जरनैल सिंह, निधि, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी रघुवीर सिंह, अभिजीत व नीलम सिंह आदि मौजूद रहें।



यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय में आयोजित शिक्षकों व कर्मचारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

# निर्धारित मानकों के अनुरूप करें जनगणना : गिल

**एसडीएम व्यासपुर ने कपालनमोचन क्षेत्र में जनगणना कार्य का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के कपालमोचन क्षेत्र में चल रहे जनगणना कार्य का व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने जनगणना कार्य में लगे सुपरवाइजर राकेश कुमार व एचएलबी(हाउस लिस्टिंग ब्लाक) कर्मचारी तरसेम लाल् द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने जनगणना कार्य में लगी टीम को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने और शत प्रतिशत सटीकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। जिसके माध्यम से देश की जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े प्राप्त होते हैं। यह आंकड़े भविष्य की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी नीतियों के निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं। एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने बताया कि जनगणना से जनकल्याण की थीम के तहत इस बार जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल प्रणाली पर आधारित होगी। यह जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का होगा जो 30 मई तक संचालित किया जाएगा। इसके पश्चात दूसरा चरण जनसंख्या गणना का होगा, जो 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा। एसडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं और जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित तरीके से पूरा करें। इस अवसर पर नायब तहसीलदार व्यासपुर रविंद्र कुमार भी मौजूद रहे।



यमुनानगर। कपालमोचन क्षेत्र में चल रहे जनगणना कार्य का निरीक्षण करते व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जिला जेल में लगी लोक अदालत

**यमुनानगर।** सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुमित्रा कादियान ने जिला जेल में लोक अदालत का आयोजन किया। इस दौरान लोक अदालत में 7 केस रखे गए जिसमें से 6 केस का निपटारा किया गया। सीजेएम ने बताया कि यह लोक अदालत नियमित जेल लोक अदालत है जो हर महीने आयोजित की जाती है। इनमें उन मामलों का निपटारा किया जाता है जो लोक अदालत में निपटाए जाने के योग्य पाए जाते हैं। सीजेएम ने जेल में कैदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की भी जांच की।

### पॉक्सो अधिनियम के प्रति किया जागरूक

**यमुनानगर।** जिला बाल संरक्षण इकाई यमुनानगर के तत्वावधान में मिशन वात्सल्य के तहत बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुहड़पुर कलां (छछरौली) में बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पॉक्सो अधिनियम 2012 एवं उसके संशोधनों पर एक विस्तृत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला बाल संरक्षण इकाई यमुनानगर के लीगल अधिकारी रंजन शर्मा ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के बारे में जागरुक करना रहा।

### नाले की सफाई न होने से दुकानदार परेशान

**रादौर।** एसके रोड पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले की आज तक सफाई न होने से नाला गंदगी से अटा पड़ा है। जिसका खामियाजा स्थानीय दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में दुकानदारों ने प्रशासन से इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। स्थानीय निवासियों सुरेंद्र, कर्मबीर, चेतन, कुलवंत, सौरभ आदि ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग ने एसके रोड के दोनों ओर बरसाती पानी की निकासी के लिए नाला बनाया था। जिसको नगरपालिका को दे दिया गया था। जब से नाला बना है, तब से एक भी बार भी सफाई नहीं हुई।

## अभिभावक सेवा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री को चंडीगढ़ कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

# मानकों का उल्लंघन करने वाले निजी स्कूलों को राजकीय विद्यालय में बदलें

**निजी स्कूलों पर मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने का लगाया आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

निजी स्कूलों द्वारा बच्चों के एडमिशन के दौरान की जा रही मनमानी से दुखी होकर अभिभावक सेवा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को चंडीगढ़ में शिक्षा मंत्री महीपाल सिंह ढ़ांडा से भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने तय मानकों का पालन नहीं करने वाले निजी स्कूलों को राजकीय स्कूलों में परिवर्तित करने समेत बारह सूत्रीय मांगो को लेकर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अभिभावक सेवा मंच के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी महेंद्र सिंह मित्तल ने किया।

बुधवार को अभिभावक सेवा मंच के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह मित्तल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में शामिल संजय मित्तल, शैंकी गुप्ता, विपिन गुप्ता व सन्दीप समेत अन्य पदाधिकारी चंडीगढ़ शिक्षा मंत्री के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को सौंपे मांगपत्र में निजी स्कूलों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। मौके पर अभिभावक सेवा मंच के यमुनानगर जिलाध्यक्ष शैंकी गुप्ता ने रीएडमिशन के मुद्दे पर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि निदेशालय द्वारा छठी, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा में रीएडमिशन चार्जर्स लेने की बात मानी गई है। जबकि बचपन में स्कूल के पहले दिन ही निजी स्कूल हजारों व लाखों की दाखिला फीस वसूल लेते हैं और हर माह सभी खर्चों को ध्यान में रखते हुए अभिभावक कंपोजिट फीस जमा करवाते हैं।

मौके पर समाजसेवी संजय मित्तल व विपिन गुप्ता ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को बताया कि कई स्कूलों द्वारा तय मानकों से कहीं अधिक फीस बढ़ोतरी की गई है। नियमानुसार फार्म छह में पिछले साल से पांच प्रतिशत और केंद्रित कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आधार पर पांच दशमलव तेरह प्रतिशत सहित 10.13 प्रतिशत से अधिक फीस नहीं बढ़ाई जा सकती है। मगर निजी स्कूलों में अपनी इच्छा से मनमाना आचरण किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से अभिभावकों व विद्यार्थियों को राहत दिलाए जाने की मांग की। अभिभावक सेवा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से निजी स्कूलों में बच्चों को एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम को अनिवार्य रूप से लागू किए जाने समेत बारह सूकरने की मांग की गई। मौके पर प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मंच के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी महेंद्र मित्तल ने शिक्षा मंत्री महीपाल ढ़ांडा को बताया कि कुछ निजी स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों पर मातृ भाषा बोलने पर जुर्माना लगाकर भाषा का अपमान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि दूसरी भाषा भी सीखनी अच्छी बात है। मगर मातृ भाषा बोलने पर दंड देना गलत है। उन्होंने बताया कि यह भी देखने में आया है कि हिन्दी विषय की पुस्तकों में अंग्रेजी शब्दों का उच्चारण किया गया है। जिससे बच्चे हिन्दी की गिनती तक का उच्चारण नहीं कर पाते हैं।



यमुनानगर। अभिभावक सेवा मंच का प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को मांगपत्र सौंपा। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों के हितों का रखा जाएगा ध्यान

शिक्षा मंत्री महीपाल सिंह ढ़ाडा ने अभिभावक सेवा मंच के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगो पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा। अभिभावकों व विद्यार्थियों के हितों का ध्यान रखा जाएगा। दोषी पाए जाने वाले विद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूलों में एक रंग के यूनिफार्म की मांग

महेन्द्र मित्तल ने सरकार से स्कूल बसों के एक रंग के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों यूनीफार्म लगवाए जाने की मांग की। उन्होंने शिक्षा मंत्री से बड़े निजी स्कूलों की तय मानकों के सभी बिन्दुओं पर गहनता से जांच करवाए जाने और दोषी पाए जाने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की मांग की गई।

### एसएमओ ने डेंगू से बचाव के लिए किया जागरूक

**रादौर।** सरकारी अस्पताल के एसएमओ डॉ.विजय परमार ने स्थानीय लोगों से बरसात के मौसम के चलते स्वयं को सतर्क रखने तथा स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया। डॉ.परमार ने कहा कि डेंगू बरसात के मौसम और उसके बाद के महीनों में सबसे ज़्यादा फैलता है। क्योंकि इस मौसम में मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां होती हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से काफी अलग होता है। उन्होंने बताया कि जिस मच्छर के काटने से डेंगू होता है, उस मच्छर का नाम होता है माजा एडीज मच्छर। यदि इस मच्छर के दिखने की बात करें तो यह दिखने में भी सामान्य मच्छर से अलग होता है और इसके शरीर पर चीते जैसी धारियां बनी होती है। यह मच्छर अक्सर रोशनी में ही काटते हैं। रिपोर्ट्स में सामने आया है कि डेंगू के मच्छर दिन में खासकर सुबह के वक्त काटते हैं। वहीं यदि रात में रोशनी ज्यादा है तो भी यह मच्छर काट सकते हैं। इसलिए सुबह और दिन के वक्त इन मच्छरों का ज्यादा ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि एडीज इजिप्टी मच्छर बहुत ऊंचाई तक नहीं उड़ पाता। इंसान के घुटने के नीचे तक ही पहुंच होती है। इसलिए शरीर को पूरा ढकने वाले कपड़े पहनें ताकि मच्छर से बच सके। सुबह के वक्त पांवों को पूरा ढककर रखें। डेंगू के मच्छर गंदी नालियों में नहीं बल्कि साफ सुथरे पानी में पनपते हैं।

# आरटीई के तहत दाखिलों को लेकर उपायुक्त ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- आरटीई के तहत प्रवेश पाने वाले छात्रों को कक्षा 8वीं तक फीस नहीं देनी होती

उपायुक्त प्रीति ने बुधवार को अपने कार्यालय में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 के सेक्शन 12(1)(सी) के तहत जिले के मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। यमुनानगर जिले में इस वर्ष आरक्षित वर्ग के लिए कुल 2,332 सीटें निर्धारित की गई थीं। प्रथम चरण के दाखिलों के बाद, अभी भी विभिन्न स्कूलों में 600 सीटें रिक्त हैं। उन्होंने बताया कि नर्सरी में 879, एलकेजी में 75, यूकेजी में 111, ग्रेड वन में 595 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला इन खाली सीटों पर करवा सकते हैं। इन सीटों पर प्रवेश पाने वाले छात्रों को कक्षा 8वीं तक कोई फीस नहीं देनी होगी।

उपायुक्त ने प्राइवेट स्कूलों के प्रबंधकों को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा जिन स्कूलों को जो भी बच्चे अलॉट किए गए हैं उनको अपने एमआईएस पोर्टल पर स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि 0 से 1 किलोमीटर दूरी तथा एक से 3 किलोमीटर दूरी वाले बच्चों का दाखिला लें। उनकी फीस की प्रतिपूर्ति शिक्षा विभाग करेगा। उन्होंने कहा कि आम अभिभावकों की समस्याओं के लिए खण्ड स्तर पर शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी को नोडल बनाया गया है।

### झूठा शपथ पत्र देकर गिरदावरी रुकवाने का आरोप

**यमुनानगर।** गांव अराईयावाला निवासी इकबाल ने गांव के ही आधा दर्जन लोगों पर तहसील में झूठा शपथ पत्र देकर गिरदावरी रुकवाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव अराईयावाला निवासी इकबाल ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके नाम जमीन की गिरदावरी होनी थी। उनके गांव के ही सुकरदीन रुकमा, बिलाल, फारूक, अजीम, आलीम, इसरार, सलीम व वाजिम ने झूठा शपथ पत्र तैयार करवा कर जानबूझकर धोखाधड़ी की नीयत से झूठे हस्ताक्षर व अंगूठे लगाकर छछरौली तहसील में जमा करवाकर गिरदावरी रूकवा दी। जब उसे इस बारे पता चला तो उसने आरोपियों से बात की मगर आरोपियों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# बीडब्ल्यूजी नियमों की अनदेखी पर निगम सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- कर्ण रिजॉर्ट व सुरभि पैलेस के खिलाफ हुई कार्रवाई, निगम की टीम ने काटा चालान

स्वच्छ सर्वेक्षण एवं नई सोच नया शहर, स्वच्छ हरियाणा अभियान के तहत नगर निगम की टीम ने बुधवार को शहर के बीडब्ल्यूजी (बल्क वेस्ट जनरेटर) श्रेणी में आने वाले विभिन्न रिजॉर्ट, मैरिज पैलेस और क्लबों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडब्ल्यूजी नियमों की उल्लंघना मिलने पर कर्ण रिजॉर्ट व सुरभि पैलेस के चालान किए गए। जांच में यहां कचरे का सही तरीके से निस्तारण नहीं किया जा रहा था। इसके अलावा बीडब्ल्यूजी नियमों का उल्लंघन होता हुआ मिला। जिस पर निगम द्वारा कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन शहरी के आईईसी विशेषज्ञ आकाश कुमार व होमगार्ड के जवानों की टीम ने बुधवार को बीडब्ल्यूजी श्रेणी में आने वाले कर्ण रिजॉर्ट, सुरभि पैलेस, जिमखाना क्लब समेत विभिन्न रिजॉर्ट, पैलेस और क्लबों का निरीक्षण किया। जांच में कर्ण रिजॉर्ट व सुरभि पैलेस में बीडब्ल्यूजी के नियमों की उल्लंघना पाई गई। निर्धारित नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा द्वारा चालान किए गए। निरीक्षण के दौरान संस्थानों में बनाए गए कम्पोस्ट पिट की भी जांच की गई। कुछ स्थानों पर कम्पोस्टिंग पिट का उपयोग नहीं किया जा रहा था और गीले कचरे को कम्पोस्टिंग के लिए नहीं डाला जा रहा था। अधिकारियों ने संस्थानों को कम्पोस्टिंग पिट का सही उपयोग करने तथा गीले कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया को नियमित रूप से अपनाने के निर्देश दिए।



### दो स्कूलों के बच्चों को जूते व यूनिफार्म वितरित

**यमुनानगर।** श्री केशव किशोरी सेवा समिति यमुनानगर द्वारा न्यू मार्किट स्थित प्राइमरी स्कूल नंबर वन व जमना गली स्थित प्राइमरी स्कूल नंबर तीन में जरुरतमंद सैंकड़ो बच्चों को यूनिफार्म व जूते वितरित किए गए। समिति के प्रधान विजय मेहता व महासचिव सुरेंद्र लूथरा ने बताया कि सर्व प्रथम कार्यक्रम न्यू मार्किट स्थित प्राइमरी स्कूल वन में आयोजित किया गया। जिसमें समिति की ओर से जरुरतमंद बच्चों को 70 यूनिफार्म व 24 जोड़ी जूते वितरित किए गए। इसके बाद जमना गली स्थित प्राइमरी स्कूल नंबर तीन में 62 यूनिफार्म व 62 जोड़ी जूते वितरित किए गए। समिति का सदस्य अपनी नेक कमाई से कुछ राशि निकालकर हर महीने यह कार्य कर रहें हैं। ताकी कोई गरीब छात्र यूनिफार्म, जूते, किताबों व कपियों की वजह से स्कूल ना छोड़े। यही छात्र आगे जाकर देश का भविष्य बनते हैं। समिति के हर मेंबर की यही कोशिश है की हर महीने किसी न किसी स्कूल मे जाकर जरुरतमंद छात्रों की मदद की जाए। स्कूल नंबर एक प्राइमरी स्कूल की इंचार्ज प्रीति नंदा व तीन नंबर प्राइमरी स्कूल की इंचार्ज मीनू कुमारी ने जरूरत मंद बच्चों को यूनिफार्म व जूते वितरित करने पर समिति की खूब प्रशंसा की और सभी समिति सदस्यों का आभार जताया। मौके पर भुवनेश दुग्गल, प्रेम लाम्बा, अनिल गुलाटी, गुलशन नंदा, अनिल सबीकी, अजय बिबरा, घनश्याम शर्मा, मधुर मितल, बिट्टू कुमार, राम मल्होत्रा, अशोक भामबरी, पवन लूथरा व रविन्द्र वाही आदि सदस्य मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से की मुलाकात

# रतनपुरा व कायमपुरा को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की मांग

**दीनबंधु छोटू राम थर्मल पॉवर प्लांट की राख घरों में गिरने से परेशान हैं दोनों गांवों के लोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दीनबंधु छोटू राम थर्मल पॉवर प्लांट की राख घरों में गिरने से परेशान चल रहे गांव रतनपुरा व कायमपुरा के ग्रामीणों की बैठक का आयोजन प्लांट के विश्रामगृह में किया गया। बैठक में विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार, विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक अनीश यादव व उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार ने ग्राम पंचायत रतनपुरा के लोगों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान गांव रतनपुरा व कायमपुर के ग्रामीणों ने अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार को बताया कि उनके गांवों में थर्मल प्लांट की राख गिरती है। जिसकी वजह से उनके स्वास्थ्य खराब हो रहे हैं। ग्रामीणों ने उनके गांवों को थर्मल पावर प्लांट के नजदीक से कहीं अन्य स्थान पर शिफ्ट किए जाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने उनके गांवों को शिफ्ट करने के लिए थर्मल प्लांट की कॉलोनी में जगह दिए जाने या फिर साथ लगते गांव फतेहपुर व नया गांव में जगह दिए जाने की मांग की। इसके अलावा ग्रामीणों ने रतनपुरा की प्लांट दूर पड़ी पंचायत की 15- 16 एकड़ जमीन में मिट्टी डालकर समतल करके उसमें उन्हें बसाए जाने की मांग की। मौके पर अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी सारी रिकमेंडेशन सरकार को भेजी जाएगी। जिस पर सरकार अंतिम निर्णय लेगी। इसके बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार ने अधिकारियों के साथ रतनपुरा व कायमपुर गावों का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।



यमुनानगर। दीन बंधु थर्मल पॉवर प्लांट में आयोजित बैठक में रतनपुरा व कायमपुरा के ग्रामीणों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मौके पर विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक अनीश यादव, उपायुक्त प्रीति, सीईओ जिला परिषद सुशील कुमार, एसडीएम जगाधरी विश्वनाथय डायरेक्टर टेक्नीकल एचपीजीसीएल अमोद जिंदल, डीसीआरटीटीपी के चीफ इंजीनियर रमन सोबती, अधीक्षक अभियंता अमित भल्ला आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 12 मई को लगेगा रोजगार मेला

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में 12 मई को सुबह 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि इस मेले में इलेक्ट्रिशियन, इलेट्रॉनिक, मशीनिष्ट, मोटर मैकेनिक व्हीकल, मैकेनिक ट्रैक्टर, टेक्नीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, टर्नर वायरमैन, वैल्डर और कारपेंटर व्यवसाय से पास हुए व अध्ययन कर रहे लड़के-लड़कियाँ भाग ले सकते है। उन्होंने कहा कि इस रोजगार मेले में कंपनियों के अधिकारी विद्यार्थियों का अप्रेंटिस व प्लेसमेंट के लिए चयन करेंगे।

### रोटरी क्लब पिहोवा ने बांटे कपड़े व स्कूल बैग

**पिहोवा।** रोटरी क्लब पिहोवा की ओर से एक सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए रोटरी को पायलट प्रधान सहयोगी डॉ. दीपिका अ रोड़ा व सचिव सहयोगी कृतिका बंसल की अध्यक्षता में क्लब की महिला सदस्यों ने जुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली अति जरूरतमंद महिलाओं को सेनेटरी पैड व कपड़े वितरित किए। इसके साथ ही स्कूल जाने वाले जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग भी प्रदान किए गए, जिससे उनके शिक्षा के प्रति उत्साह को बढ़ावा मिला। इस सेवा प्रकल्प की कमान प्रोजेक्ट मैनेजर गरिमा ने संभाली, जिनके नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### पदाधिकारी मिलन समारोह का किया आयोजन

**थानेसर।** सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा मंगलवार सांय अमीन रोड़ स्थित एक व्यवसायिक संस्थान में /"पदाधिकारी मिलन समारोह/" आयोजित किया गया। सचिव सुनील अंगीरस ने बताया कि समूह के व्यवसायिक ग्रुप /"ट्रेंडिंग एक्सप्रेस/" के 5वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र नगर प्रभारी नवीन बंसल के व्यवसायिक संस्थान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम का संचालन संरक्षक जितेंद्र बंसल ने किया।

### केयू में हुए सेमिनार में 3000 महिलाओं ने की भागीदारी

# महिला सशक्तिकरण और आरक्षण को मिली मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र विषय पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेमिनार एवं प्रदर्शनी महिला सशक्तिकरण व आरक्षण की दिशा में प्रभावशाली और दूरदर्शी पहल के रूप में उभरा। इस आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत के विकास का मार्ग महिलाओं के सशक्तिकरण से होकर ही गुजरता है। इस कार्यक्रम में करीब 3000 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसकी व्यापकता और प्रभाव को और भी सशक्त बनाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा नारी, किसान, युवा और गरीब को विकास के चार स्तंभ बताना उनकी समावेशी सोच को दशार्ता है। विशेष रूप से महिलाओं के लिए सुरक्षित शिक्षा वातावरण, नजदीकी कॉलेजों की स्थापना और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की बात, जमीनी स्तर पर परिवर्तन की दिशा में सकारात्मक संकेत देती है। महिला आरक्षण के संदर्भ में भी यह आयोजन विशेष महत्व रखता है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे ऐतिहासिक कदमों से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई दिशा मिली है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भूमिका और सशक्त होगी। यह पहल न केवल समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज में लैंगिक संतुलन और न्याय को भी मजबूत आधार प्रदान करती है।



कुरुक्षेत्र । समारोह में सेल्फी लेते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### आईआईएचएस की 1200 महिलाओं ने लिया भाग

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र विषय पर आयोजित सेमिनार एवं प्रदर्शनी में आईआईएचएस संस्थान की 1200 महिलाओं ने प्राचार्या रीटा के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्राचार्या रीटा ने आईआईएचएस के सभी शिक्षकों एवं छात्राओं का सेमिनार में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

### हॉस्टल, एआई और फीस छूट

इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं हुआ, बल्कि ठोस नीतिगत निर्णयों और योजनाओं की भी घोषणा की गई। महिला शोधार्थियों और अंतर्राष्ट्रीय छात्राओं के लिए 300 क्षमता वाले आधुनिक छात्रावास का निर्माण, एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को सशक्त बनाने की पहल, तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राओं को 50 प्रतिशत फीस छूट जैसे कदम महिला शिक्षा और तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने समानता, न्यायसंगत समानता और समावेशिता जैसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए यह रेखांकित किया कि केवल अधिकार प्रदान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि महिलाओं को वास्तविक अवसर और भागीदारी देना भी उतना ही आवश्यक है। यह दृष्टिकोण आधुनिक समाज और नीति निर्माण की मूल आवश्यकता को उजागर करता है।

# केयूके स्पार्टन ने टी-20 स्पर्धा के फाइनल में किया प्रवेश

### विनोद कुमार ने खेली 52 रन की आतिशी पारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। विजेता टीम के खिलाड़ी।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी के 5वें टी-20 प्रतियोगिता के अनौपचारिक मैच के सेमीफाइनल मुकाबले में केयूके स्पार्टन टीम ने केयूके स्टार को 8 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। टॉस जीतकर केयूके स्पार्टन ने केयूके स्टार को पहले बल्लेबाजी का मौका दिया। केयूके स्टार की ओर से आमिर खान ने 31, कप्तान शमशेर चौहान ने 33 रन की पारी खेली। केयूके स्पार्टन की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए विनोद ने 3, रामेश्वर व अंशुल शर्मा ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केयूके स्पार्टन टीम के ओपनर बल्लेबाज अंशुल शर्मा ने 6 चौके लगाकर 33 रन की पारी खेली। वही विनोद कुमार ने 28 गेंदों में 5 चौके व 5 छक्के लगाकर 52 रन की आतिशी पारी खेलकर मैच को एकतरफा बना दिया। पंकज जांगड़ा ने 6 चौके लगा 32 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई। केयूके स्टार की ओर से संदीप व अजय यादव ने 1-1 विकेट लिया। मैच में विस्फोटक बल्लेबाजी एवं शानदार गेंदबाजी के लिए विनोद कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। मैच में अम्पायर की भूमिका विक्रम नेगी तथा राजकुमार मलिक ने निभाई। वहीं अब फाइनल में महामुकाबला केयूके स्पार्टन की टीम तथा स्टार क्रिकेट क्लब के बीच होगा। गौरतलब है कि केयूके स्पार्टन टीम पिछली बार की विजेता टीम रह चुकी है। वहीं स्टार क्रिकेट क्लब की टीम ने पहली बार फाइनल में अपनी जगह बनाई है।

### 120 घंटे बीतने के बाद भी लापता कुलदीप का नही लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। पिहोवा से लापता ट्रांसपोर्टर कुलदीप सिंह उर्फ दीपू का करीब 120 घंटे बीतने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। लगातार 4 दिनों तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद एसडीआरएफ और गोताखोर प्रगट सिंह ने रछ नहर में सर्च ऑपरेशन रोक दिया। नहर किनारे बाइक मिलने पर यहां सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। परिवार और जानकार भी नहर किनारे से हट गए। हालांकि शाम के समय परिवार के लोग किरमिच हेड पर तलाश करने जरूर आ रहे हैं। उधर, पुलिस इस मामले को सिर्फ सुसाइड के एंगल से नहीं देख रही। पुलिस को आशंका है कि कुलदीप ने नहर में छलांग लगाई ही न हो, क्योंकि अब तक न तो शव मिला और न किसी ने उसे नहर में कूदते देखा।

### बांसुरी वादन कार्यशाला का शुभारंभ 10 को गीता ज्ञान संस्थानम में

**थानेसर।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से हरियाणा कला परिषद तथा जीओ गीता गुरुकुल, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में 20 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गीता ज्ञान संस्थानम के प्रांगण में 10 मई से 30 मई तक प्रतिदिन सायं 3 से 5 बजे तक किया जाएगा। विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यशाला संयोजक डा. सचिंद्र कुमार ने बताया कि इस बांसुरी वादन कार्यशाला में उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला द्वारा बांसुरी वाद्य के लिए पूर्व में गुरु के रूप में नामित व हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य तथा चिराग नर्सिंग होम, कुरुक्षेत्र के निदेशक संगीत प्रभाकर डॉ मनीष कुकरेजा मुख्य प्रशिक्षक के रूप में तथा प्रसिद्ध तबला वादक पवन गुंबर सह प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

### फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल को भेंट किया 36 फुट ऊंचा तिरंगा

**कुरुक्षेत्र।** देश में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के नौ हल्कों में विशाल तिरंगे लगाए जा रहे हैं, जिससे राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इसी कड़ी में हल्का थानेसर के सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल में 36 फुट ऊंचा तिरंगा लहराने के लिए फ्लैग पोल स्थापित करवाया जा चुका है। ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, जिन्दल हाउस में सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के स्टाफ को 36 फीट ऊंचा तिरंगा फहराने के लिए, राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित अन्य सामग्री भेंट की गई। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से बलविंद्र सिंह और डॉ. राज कुमार ने स्कूल के स्टाफ को ध्वज संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल ने आम जनमानस को राष्ट्रीय ध्वज, घर-घर फहराने का अधिकार दिलाया। इसके लिए उन्होंने वर्षों तक संघर्ष किया है। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में 200 से अधिक स्थानों पर विशाल तिरंगे स्थापित करवा चुकी है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास न केवल युवाओं में देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं, बल्कि उन्हें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक बनाते हैं। सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल में तिरंगे की स्थापना से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय गौरव और सम्मान की भावना और अधिक मजबूत होगी।



# हवन-पूजन और भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। भंडारे से पूर्व मंदिर में पूजा करते शास्त्री नगर सेवा समिति के पदाधिकारी व नगरवासी।

शास्त्री नगर सेवा समिति द्वारा हरिओम मंदिर शास्त्री नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा बुधवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन के हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। कथा व्यास पंडित अरूण मिश्रा ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। अरूण मिश्रा ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुगुर्णों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। कथा समापन के दिन बुधवार को विधिविधान से पूजा करवाई। दोपहर तक हवन और भंडारा कराया गया। नगरवासियों ने हवन में आहुति डाली। पूजन के बाद दोपहर को भंडारा लगाकर प्रसाद बांटा गया।

### एचकेआरएन कर्मियों की सैलरी अटकी कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने की मांग तेज : कश्यप

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत हजारों कर्मचारियों की अप्रैल महीने की सैलरी प्रशासनिक देरी के कारण अटक गई है। इस मुद्दे को लेकर भारतीय मजदूर संघ के संयोजक प्रवीन कश्यप ने सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाते हुए जल्द समाधान की मांग की है। प्रवीन कश्यप ने कहा कि प्रदेशभर में कार्यरत एचकेआरएन कर्मचारियों का कॉन्ट्रैक्ट 31 मार्च 2026 को समाप्त हो चुका है, लेकिन अभी तक उनका कॉन्ट्रैक्ट एक्सटेंड नहीं किया गया। इसके बावजूद कर्मचारी लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं और विभागों में नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार के स्पष्ट आदेश हैं कि कर्मचारियों को हर महीने की 7 तारीख तक वेतन जारी किया जाए, अन्यथा संबंधित विभाग पर फाइन लगाया जा सकता है। लेकिन इस बार प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी न होने और वर्क ऑर्डर अपडेट न होने की वजह से अप्रैल महीने की सैलरी रिलीज नहीं हो पाई है। प्रवीन कश्यप ने कहा कि कर्मचारियों के परिवार पूरी तरह इस वेतन पर निर्भर हैं। सैलरी में देरी होने से कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सभी एचकेआरएन कर्मचारियों का कॉन्ट्रैक्ट तुरंत प्रभाव से बढ़ाया जाए ताकि लंबित वेतन जल्द जारी किया जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो कर्मचारियों में रोष बढ़ सकता है और आने वाले दिनों में आंदोलन की स्थिति भी बन सकती है।





शाहबाद। ऋषि मार्कंडेश्वर मंदिर में भ्रमण के दौरान बच्चे।

### बच्चों का ऋषि मार्कंडेश्वर मंदिर में शैक्षणिक भ्रमण करवाया

**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने ऋषि मार्कंडेश्वर मंदिर, शाहाबाद मारकंडा का भ्रमण किया। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए नर्सरी, एल.के.जी. एवं यू.के.जी. के बच्चों का ऋषि मार्कंडेश्वर मंदिर में शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। इस दौरान बच्चों ने मंदिर परिसर में पहुंचकर ऋषि मार्कंडेश्वर मंदिर के दर्शन किए और भगवान का आशीर्वाद लिया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और मंदिर परिसर में खेल-कूद के साथ-साथ प्रकृति के बीच समय बिताकर खूब आनंद लिया। यह ट्रिप बच्चों के लिए न केवल मनोरंजक रही, बल्कि उनके लिए एक यादगार अनुभव भी साबित हुई। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उनके ज्ञान में भी वृद्धि होती है। इस अवसर पर बच्चों को रिफ्रेशमेंट वितरित की गई।

### शिक्षा ही समाज के विकास की मजबूत नींव : घुम्मन

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा समाज सेवा के अंतर्गत एक सराहनीय पहल करते हुए गांव छपरा स्थित श्रुति विज्ञान आचार्यकुलम गुरुकुल में विद्यार्थियों को नोटबुक्स वितरित की गईं। रोटरी क्लब के प्रधान रोटेरियन डॉ. आर. एस. घुम्मन ने अपने सम्बोधन में कहा कि रोटरी क्लब शिक्षा को बढ़ावा देने और जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की मजबूत नींव है और विद्यार्थियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना हम सभी का कर्तव्य है। रोटरी क्लब का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वे इसी तरह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें।




पिहोवा। ई-इलेक्शन में शामिल विद्यार्थी।

### अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में ई-इलेक्शन बच्चों ने सीखा लोकतंत्र का असली मतलब

**पिहोवा।** हरियाणा में पहली बार अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल पिहोवा में पहली बार ई- इलेक्शन चुनाव किया गया। अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल के चुनाव बड़े ही व्यवस्थित, लोकतांत्रिक और उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किए गए। इस अनोखी पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय चुनाव प्रणाली और मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराना था। चुनाव में छात्रों के साथ-साथ स्कूल स्टाफ ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह चरणबद्ध तरीके से संपन्न हुई। सबसे पहले इच्छुक छात्रों ने नामांकन पत्र भरकर जमा किए। इसके बाद स्कूल द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया गया। चयनित उम्मीदवारों ने अपने विचार और योजनाएं प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से प्रस्तुत की, जिसके बाद अंतिम मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। मतदान के दिन छात्रों के नाम का सत्यापन किया गया और उनकी उंगली पर इंक मार्क लगाया गया, ठीक उसी प्रकार जैसे भारत के आम चुनावों में होता है।

# किशोर स्वास्थ्य को नई दिशा देने की पहल कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय अधिवेशन 10 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

समाज के उज्ज्वल भविष्य—हमारे बच्चों और किशोरों के समग्र विकास को केंद्र में रखते हुए इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स हरियाणा एवं एडोलसेंट हेल्थ एकेडमी हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 10 मई रविवार को होटल वेटा में राज्य स्तरीय वार्षिक अधिवेशन सीएमई का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सशक्त सामाजिक पहल है, जिसका उद्देश्य चिकित्सकों के साथ-साथ शिक्षकों के माध्यम से किशोरों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को नई दिशा प्रदान करना है। इस सम्मेलन में किशोर स्वास्थ्य से जुड़े आधुनिक एवं ज्वलंत विषयों—जैसे डिजिटल सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, पोषण, यौन स्वास्थ्य, टीकाकरण, आपातकालीन चिकित्सा, काउंसलिंग तथा विभिन्न रोगों के प्रबंधन—पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत एवं वैज्ञानिक चर्चा की जाएगी। प्रदेशभर से आए अनुभवी चिकित्सक एवं विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

### शिक्षकों को भी किया आमंत्रित

एडोलसेंट हेल्थ एकेडमी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुषमा देसाई एवं इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रुचिरा गुप्ता एवं डॉ सतीश खट्टर अध्यक्ष हरियाणा मेडिकल कॉन्सिल की विशेष उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाएगी। हरियाणा के अलावा पंजाब चंडीगढ़ दिल्ली उत्तर प्रदेश के किशोर स्वास्थ्य विशेषज्ञ सम्बोधित करेंगे। आयोजन अध्यक्ष एवं एएचए हरियाणा के फाउंडर चेयरपर्सन डॉ. राकेश सी. भारद्वाज ने जानकारी दी कि इस विशेष पहल के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि वे किशोरावस्था से जुड़ी जटिलताओं, मनोवैज्ञानिक बदलावों एवं सामाजिक चुनौतियों को गहराई से समझ सकें और विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान कर सकें। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. संजय शर्मा ने कहा, ह्लआज का किशोर केवल शैक्षणिक सफलता ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, सकारात्मक मार्गदर्शन और स्वस्थ वातावरण की भी आवश्यकता रखता है।



**बैठक** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिला मीलिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की

# राइस मिल समय पर करें चावल का भुगतान : डीसी




कुरुक्षेत्र। जिला मीलिंग कमेटी की बैठक को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि खरीफ सीजन 2025-26 के दौरान संबंधित राइस मिलों द्वारा चावल का भुगतान समय पर किया जाए, ताकि किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो। उपायुक्त ने एफसीआई को निर्देश देते हुए कहा कि वो इस महीने में ज्यादा से ज्यादा स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था करें, ताकि ज्यादा मात्रा में चावल को प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही राइस मिलरों की जगह की डिमांग को एजेंसी के पत्र के बिना ही उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा आयोजित जिला मीलिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने खरीद एजेंसी और भारतीय खाद्दय निगम के अधिकारियों को कहा कि तय समय सीमा के अंदर ही चावल का भुगतान होना चाहिए तथा राइस मिलरों को निर्धारित समय पर लिंकेज और स्पेस मुहैया करवाते हुए सीएमआर डिलीवरी लेना भी सुनिश्चित करें। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला की 29 मंडियों व खरीद केंद्रों में रबी सीजन 2026-27 के दौरान गेहूं खरीद का कार्य किया गया है। इससे संबंधित गेहूं का उठान निर्धारित समय अवधि में हो रहा है।

### 97 प्रतिशत गेहूं का उठान

अब तक 97 प्रतिशत गेहूं का उठान किया जा चुका है। मंडियों से उठान होने के साथ-साथ किसानों के खातों गेहूं के समर्थन मूल्य की अदायगी समय पर की जा रही है। किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान करने के लिए डीएफएससी विभाग द्वारा हेल्प डेस्क नंबर जारी किया गया है। इस पर कोई भी किसान अपनी समस्या को बता सकता है तथा उसका समाधान करवा सकता है। इस अवसर पर एसडीएम अमन कुमार, एसडीएम अनुभव मेहता, एसडीएम अनिल कुमार दून, डीएसपी सुनील कुमार, डीएफएससी नरेश कुमार, डीआरओ चेतना चौधरी, डीएम हैफेड शेरसिंह, एफसीआई के अधिकारियों सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाढ़ आपदा पर 14 मई को की जाएगी मेगा मॉक ड्रिल

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला में 14 मई को प्रस्तावित बाढ़ आपदा से निपटने के लिए दो स्थानों पर मेगा मॉक ड्रिल को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मॉक ड्रिल केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आपदा के समय वास्तविक स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएं अचानक उत्पन्न होती हैं, इसलिए सभी विभागों को पहले से तैयार रहना बेहद जरूरी है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले हरियाणा के वित्त सचिव डीके बेहरा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मॉक ड्रिल के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई और इसमें शामिल सभी विभागों की भागीदारी व जिम्मेदारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान हर विभाग अपनी भूमिका का गंभीरता से निर्वहन करे।



## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी कर्मबीर सिंह उर्फ मिंकू को गिरफ्तार किया है। मामले में गिरफ्तार आरोपी कप्तान ने पूछताछ के दौरान बताया था कि आरोपी कर्मबीर सिंह भी इस मामले में संलिप्त है। आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर ने बताया कि शिकायतकर्ता बलकार सिंह निवासी गांव कामी खुर्द ने 13 मार्च 2025 को थाना बलदेव नगर में शिकायत दी थी कि 4 दिसंबर 2023 से 10 जून 2024 के दौरान सद्धोपुर बॉर्डर पर आरोपी कप्तान सिंह व अन्य ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे एक बड़ी रकम हड़प ली। न तो उसे विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी कर्मबीर सिंह उर्फ मिंकू को भी गिरफ्तार किया है।

### लंबित शिकायतों के शीघ्र निपटान के निर्देश दिए

**जींद।** स्थानीय एडीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सीएम विंडो एवं जन संवाद पोर्टल से संबंधित शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ पोर्टल पर लंबित पड़ी शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम विंडो एवं जन संवाद पोर्टल पर लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए।

### हर हलके में यात्रा का हो रहा जोरदार स्वागतः गग

**उचाना।** मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन एवं बृजेंद्र सिंह के साथियों में शामिल सुरेंद्र गर्ग ने कहा कि 8 मई को सद्भाव यात्रा में नेता प्रतिपक्ष शामिल हो रहे है। बृजेंद्र सिंह ने जो यात्रा प्रदेश में शुरू की थी उसको छह महीने होने वाले है। इस यात्रा के माध्यम से सदभाव का संदेश देने पूरे प्रदेश में पैदल चल रहे है। हर हलके में जोरदार स्वागत उनका हो रहा है। यात्रा में राहुल गांधी के शामिल होने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा। यात्रा को कांग्रेस के सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, जिलाध्यक्ष एंव पास के राज्यों से कांग्रेस विधायकों ने पहुंच कर समर्थन दिया।

### सैनी धर्मशाला बत्तख चौक पर रक्तदान शिविर कल

**जींद।** आगामी आठ मई को सैनी धर्मशाला बत्तख चौक पर युवा विकास समिति के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी भाग लेंगी और रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही करेगी। महासचिव एवं संयोजक प्रवीण सैनी ने बताया कि यह रक्तदान शिविर नौ बजे से दो तक चलेगा। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है। इससे शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी महसूस नही होती है।

### ऊर्जा मंत्री विज ने पुनः उसी स्थान पर बसाए जाने का दिया था आश्वासन

# नप ने किए 60 साल से बने 22 खोखे ध्वस्त, 24 परिवारों पर संकट

युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने की पीड़ित परिवारों से मुलाकात, नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से तलब किया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। तोड़े गए खोखों का मुआयना करती चित्रा सरवारा व अन्य।



अंबाला। तोड़े गए खोखों के मालिकों से बातचीत करती चित्रा सरवारा।

नगर परिषद के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने अंबाला छावनी के सेवा समिति स्कूल के पास 60 सालों से बने खोखों तो तोड़कर ध्वस्त कर दिया। दो दर्जन खोखों में लोग छोटे_छोटे कारोबार चलाकर अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे थे। नगर परिषद की इस कार्रवाई से दो दर्जन परिवारों की रोजी रोटी पर संकट खड़ा हो गया। उधर कार्रवाई पर युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने कड़ा ऐतराज जताते हुए पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कार्रवाई पर सवाल उठाया की इस नुकसान के असली जिम्मेदार कौन हैं? - प्रशासन जिसने कानून का हवाला देते हुए बिना नोटिस पंजा चलाया या स्थानीय मंत्री अनिल विज जिन्होंने इन दुकानदारों को लगातार झूठे आश्वासन दिए थे कि उन पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। सरवारा ने पीड़ित परिवारों से बात करते हुए यह प्रश्न उठाया कि यदि मंत्री अनिल विज ने आश्वासन दिया था कि दुकानें लग सकती हैं और कोई हटाएगा नहीं तो क्या उनकी अब जवाबदेही नहीं बनती इन लोगों के प्रति की दुकानें क्यूं तोड़ी गई? क्या उन्हें लोगों के साथ नहीं खड़ा होना चाहिए?क्या इन गरीब लोगों को मुआवजा नहीं दिलवाना चाहिए?

तोड़फोड़ की कार्रवाई से ठीक एक दिन पहले भी वे मंत्री अनिल विज से मिले थे। उन्हें आश्वासन दिया गया कि पुराने दुकानदारों पर कोई कार्रवाई नहीं होगी लेकिन सुबह बिना किसी नोटिस के प्रशासन ने आकर एक कोने से शुरू होते हुई सभी 22 दुकानें खत्म कर दी। उनके साथ उनमें लगा समान भी ध्वस्त कर दिया सामान,पंखे,मोटर,तंदूर,बर्तन तक निकालने का समय भी नहीं दिया। इससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। क्या यह कार्रवाई उस दिए गए आश्वासन के विपरीत नहीं है? चित्रा सरवारा ने स्पष्ट कहा कि यह केवल खोखों का मामला नहीं, बल्कि उन परिवारों के अस्तित्व का प्रश्न है, जिन्होंने कर्ज लेकर, दिन-रात मेहनत कर अपने छोटे-छोटे कारोबार खड़े किए थे। वे एक बार फिर सड़क पर खड़े हैं। भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। क्या वास्तव में नोटिस जारी किए गए थे, तो उनकी वैधानिक पुष्टि कहां है? क्या किसी दुकानदार से प्राप्ति रसीद ली गई? केवल मोबाइल पर सूचना भेजने का दावा न तो कानूनी प्रक्रिया का पालन है और न ही मानवीय दृष्टिकोण से उचित। पीड़ितों ने भी स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें किसी प्रकार की आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई। यह घटना प्रशासनिक निर्णयों और जमीनी हकीकत के बीच बढ़ती खाई को उजागर करती है। जहां आश्वासन और वास्तविकता के बीच पिसता आम आदमी भी न्याय की प्रतीक्षा में खड़ा है। इसी के साथ उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज हर वर्ग का व्यक्ति सरकार की भेदभावपूर्ण नीतियों के कारण परेशानियों का सामना कर रहा है।

#### एक साल पहले दिए थे खाली करने के आदेश

मौके पर उपस्थित चित्रा ने सभी साथियों और नप सदस्यों व पूर्व सदस्यों के साथ नगर परिषद कार्यालय में पहुंच के कार्यकारी अधिकारी से मुलाकात कर इस पूरे घटनाक्रम पर जवाब तलब किया। अधिकारियों द्वारा प्राशासनिक कानून का हवाला दिया गया। पीड़ित दुकानदारों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व नाले के पक्के निर्माण के नाम पर उन्हें अस्थाई रूप से स्थान खाली करने के लिए कहा गया था। उस समय विद्युत एवं परिवहन मंत्री अनिल विज द्वारा उन्हें यह स्पष्ट आश्वासन दिया गया था कि निर्माण कार्य पूर्ण होते ही उन्हें पुनः उसी स्थान पर व्यवस्थित रूप से बसाया जाएगा। इतना ही नहीं पुनर्वास की प्रक्रिया को चिह्नित करने के लिए दीवारों पर नगर परिषद द्वारा खोखों के नंबर तक अंकित किए गए थे। इससे इन परिवारों को भरोसा हो गया था कि उनका रोजगार सुरक्षित रहेगा।

# महाराणा प्रताप का जीवन राष्ट्रभक्ति को समर्पितः राणा



शहजादपुर। मंत्री श्याम सिंह राणा का अभिनंदन करते हुए।

- तीन राज्यों में मिली प्रचंड जीत को लेकर भी लोगों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

महाराणा प्रताप जयंती 9 मई को प्रातः 11 बजे अनाज मंडी में राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाई जाएगी। समारोह को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने विधानसभा क्षेत्र के गांव डेहर, अंबली, गदौली, फतेहपुर, मिर्जापुर और कुराली का दौरा कर ग्रामीणों को समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान गांव-गांव में उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया और ग्रामीणों ने समारोह में बढ़-चढक़र भाग लेने का भरोसा दिया। मंत्री ने परंपरागत चूल्हा न्यौत देकर परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया। गांव मिर्जापुर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निवास पर हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं को पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत की बधाई दी। 9 मई के समारोह में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें सदैव अपने इतिहास और महापुरुषों को याद रखना चाहिए। मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी कार्यकर्ताओं को तीन राज्यों में मिली जीत की बधाई देते हुए कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्रवाद प्रथम है । उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और अदम्य साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनके संघर्ष, त्याग और आत्मसम्मान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार महापुरुषों की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और यह समारोह उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने भी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति की अमूल्य प्रेरणा देता है। समारोह ऐतिहासिक होगा।

# बाढ़ आपदा को लेकर होगी मॉक ड्रिलः डीसी

- नदी में पानी का बहाव, जलभराव से निपटने का होगा अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला




अंबाला। मीटिंग में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राज्य के बाढ़ संभावित जिलों में बाढ़ आपदा के दृष्टिगत राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल अभ्यास आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 14 को मॉक ड्रिल अभ्यास का आयोजन किया जाएगा, ताकि संभावित बाढ़ जैसी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

उपायुक्त अपने कार्यालय के सभागार में मॉक ड्रिल अभ्यास को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने मॉक ड्रिल की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पूर्व सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डीके बेहरा ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग इस मॉक ड्रिल के तहत सभी कार्यों एवं तैयारियों को करना सुनिश्चित करें। मॉक ड्रिल को आयोजित करवाने का मुख्य उद्देश्य यहीं है कि यदि को आपात स्थिति उत्पन्न होती है तो उस समय उस आपदा से निकला जा सकें। इस मॉक ड्रिल के दौरान तमाम गतिविधियां की जाएगी और डेमो के माध्मय से मॉक ड्रिल को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप संचालित करें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि मॉक ड्रिल के दौरान नदी में पानी के बहाव, शहरी क्षेत्रों में जलभराव, भवनों को क्षति तथा लोगों के फंसने जैसी संभावित परिस्थितियों से निपटने का अभ्यास किया जाएगा।

# अंबाला के सदर बाजार चौक पर 9 को स्थापित होगी महाराणा प्रताप की मूर्ति

- ऊर्जा मंत्री ने स्वैच्छिक कोष से दिए 50 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। मूर्ति को स्थापित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हिंदुस्तान के स्वाभिमान के प्रतीक, देशभक्ति को पूरी तरह समर्पित वीर महाराणा प्रताप की जयंती पर अम्बाला छावनी के सदर बाजार में उनकी साढ़े 12 फुट ऊंची मूर्ति को स्थापित किया जाएगा। विज ने पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित करने के लिए उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपए की राशि नगर परिषद अम्बाला सदर को दी थी। उन्होंने बताया कि मूर्ति 16 क्विंटल वजनी है। साथ ही इसका निर्माण धातु से किया गया है। मूर्ति अंबाला छावनी में पहुंच चुकी है। इसे 9 मई को प्रातः 11 बजे सदर बाजार चौक पर स्थापित किया जाएगा। विज ने सदर चौक पर मूर्ति स्थापित करने वाले स्थल का अवलोकन किया। मौके पर नगर परिषद अधिकारियों से मूर्ति स्थापित करने को लेकर चर्चा की।



जींद। जिला कारागार में सुनवाई करते सीजेएम। फोटो :हरिभूमि

### लोक अदालतः विचाराधीन बंदी को अंडरगोन किया

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में चार मामले विचार दिन रखे गए। जिनमें से एक मामले का मौके पर ही निपटान किया गया। एक विचाराधीन बंदी को अंडरगोन किया गया तथा आदेश पारित किए गए कि अगर बंदी पर और कोई कैस ना हो तो रिहा किया जाए। प्राधिकरण सचिव ने जेल में रह रहे बंदियों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों में हवालतियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। इसके अलावा जेल में बंद कैदियों से अपील की कि यदि किसी को पैरवी करने के लिए वकील की जरूरत है तो वह मुफ्त कानूनी सेवाओं के लिए प्राधिकरण के कार्यालय में भेजनी होती हैं ।

# आजाद प्रत्याशी का आरोप, भाजपा की शह पर अधिकारी कर रहे हैं काम

- भाजपा के होर्डिंग पर प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मेयर पद की आजाद प्रत्याशी सोनिया चौधरी ने प्रशासन पर भाजपा के साथ मिलकर उनके होर्डिंग उतारने का आरोप लगाया। उनका आरोप है कि भाजपा के होर्डिंग छोड़े जा रहे हैं जबकि उनके होर्डिंग जानबूझकर उतारे जा रहे हैं। उन्होंने होर्डिंग उतारने वाले कर्मचारियों से आदेश दिखाने को कहा मगर वह नहीं दिखा सके।

यहां काफी देर तक आजाद प्रत्याशी ने कर्मचारियों को समझाया, अधिकारियों से भी फोन पर बात की और आपत्ति जताई। दूसरी तरफ भाजपा ने सोशल मीडिया पर एक फोटो जारी की जिसमें एक लड़का उनके होर्डिंग फाड़ रहा था। उसे आजाद प्रत्याशी का समर्थक बताया जबकि आजाद प्रत्याशी ने उस युवक को पहचाने से इंकार कर दिया। इसे भाजपा का सुनियोजित काम बताया। दो दिनों से प्रशासन सरकारी भवनों और सरकारी संपत्ति से प्रत्याशियों के पोस्टर, बैनर, होर्डिंग आदि प्रचार सामग्री हटा रहा है। वार्ड 9 में कर्मचारियों ने प्राइवेट भवन से ही होर्डिंग हटा दिए। यहां पर प्रत्याशियों के समर्थकों ने भी सिर्फ उनके ही बैनर हटाने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ निर्वाचन अधिकारी और उपायुक्त कार्यालय के समीप स्थित मेक इन इंडिया चौक पर भाजपा के झंडे लगे हुए थे। इन्हें उतारा नहीं गया। इसी प्रकार इस रोड पर डिवाइडर पर झंडे लगे थे। इस मामले । को लेकर जब आचार संहिता उल्लंघन के नोडल अधिकारी सुशील कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमने कर्मचारियों को निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### नगर निगम चुनाव को लेकर धारा 54 के तहत मतदान वाले दिन बंद रहेंगे शहर के शराब ठेके

- 13 मई को मतगणना वाले दिन परिणाम आने तक रोक

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधीश अजय सिंह तोमर ने पंजाब एक्साईज एक्ट 1914 की धारा 54 के तहत नगर निगम आम चुनाव के दृष्टिगत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के तहत एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की सीमा में सभी शराब विक्रेता 8 मई शाम 6 बजे से 10 मई मतदान वाले दिन वोट डलने तक तथा 13 मई मतगणना वाले दिन परिणाम घोषित होने तक शराब के सभी ठेके बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि नगर निगम आम चुनाव में मतदाताओं को प्रलोभन देने की संभावना को रोकने के लिए जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शराब के सभी ठेके 8 मई शाम 6 बजे से 10 मई मतदान वाले दिन वोट डलने तक बंद रहेंगे। इसके साथ-साथ यदि किसी कारण से दोबारा मतदान की स्थिति बनती है तो 12 मई को पुनः मतदान होने तक बंद रहेंगे। 13 मई मतगणना वाले दिन सुबह 8 बजे से परिणाम घोषित होने तक शराब के सभी ठेके बंद रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि मतदान गणना वाले दिन मतगणना के समापन तक किसी भी दुकान, रेस्टोरेंट, क्लब, अन्य किसी भी स्थान चाहे वे लाइसेंस शुदा हो वहां पर भी शराब बिक्री व वितरण पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कहीं पर भी आदेशों की अवेहलना पाई गई तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पेड़ चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सफेदा पेड़ चोरी करने के मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी को अद्योया चौक से काबू किया। प्रबंधक थाना बराड़ा ने बताया कि शिकायतकर्ता दविंद्र सिंह ने 31 मई 2024 को शिकायत दी थी कि 30 मई 2024 को गांव राजोखेडी से आरोपी ने उसके सफेदे के पेड़ काट कर चोरी किए है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त चौथे आरोपी सुलेमान को अद्योया से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना यमुनानगर में चोरी के चार मामले और भी दर्ज हैं। पुलिस ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में गशत बढ़ा दी गई है और इस तरह की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### एयरफोर्स स्टेशन के पास ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि एयरफोर्स स्टेशन अंबाला छावनी के 5 किलोमीटर क्षेत्र के अंदर ड्रोन फलाईंग पर प्रतिबंध है। यह सुरक्षा की दृष्टि से है। उपायुक्त अपने कार्यालय में वायु सेना के अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन काफी काफी महत्वपूर्ण है इसलिए इस क्षेत्र के आस पास 5 किलोमीटर क्षेत्र के अंदर ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध हैं। उन्होंने इस क्षेत्र के नजदीक रहने वाले लोगों से अपील की है कि वे इस क्षेत्र में किसी भी तरह का ड्रोन प्रयोग में न लाएं। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अब जिले की सड़कों पर दौड़ रही हैं 20 इलेक्ट्रिक बसें

# रोडवेज के बेड़े में पांच नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल

दो दिनों में अंबाला पहुंच जाएंगी बसें, लोकल रूट पर चलने से शहरवासियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला




जिले को पांच नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिली है। इन नई बसों के आने से अब इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले दो दिनों के भीतर पांच और बसें अंबाला पहुंच जाएंगी जिससे यह आंकड़ा 25 तक पहुंच जाएगा। इन पांचों नई बसों का पंजीकरण कार्य जारी है। जैसे ही कागजी औपचारिकताएं और तकनीकी जांच पूरी होगी, इन्हें तुरंत स्थानीय मार्गों पर संचालन के लिए उतार दिया जाएगा।

बेड़े में बसों की संख्या बढ़ने से यात्रियों को सफर के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान में जिले में संचालित इलेक्ट्रिक बसें मुख्य रूप से अंबाला शहर से अंबाला कैंट, बराड़ा, यमुनानगर और नारायणगढ़ जैसे प्रमुख मार्गों पर चल रही हैं। ये बसें न केवल आरामदायक हैं बल्कि शोर और प्रदूषण मुक्त भी हैं। नई बसों के आने के बाद विभाग की योजना इन्हें उन लोकल रूटों पर लगाने की है, जहां यात्रियों की संख्या अधिक है और साधनों की कमी है। इससे स्थानीय नौकरीपेशा लोगों और छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी। जैसे-जैसे बेड़ा बढ़ेगा, शहर के अंदरूनी हिस्सों और ग्रामीण रूटों को भी इनसे जोड़ा जाएगा ताकि लोग निजी वाहनों की जगह सार्वजनिक और सुरक्षित परिवहन अपनाएं। अंबाला डिपो के महाप्रबंधक अश्वनी डोगरा ने बताया कि पांच नई इलेक्ट्रिक बसें आई हैं, इन बसों के आने से डिपो में बसों की संख्या 20 हो गई है। इसके अलावा इस सप्ताह में पांच और नई बसें आनी है। इन बसों के आने से यात्रियों को और भी बेहतर सुविधाएं मिलेगी।साथ ही, बसों में आधुनिक सुविधाएं जैसे जीपीएस सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे और आरामदायक सीटिंग व्यवस्था यात्रियों के सफर को और सुरक्षित व सुविधाजनक बनाएंगी।